दिन– शनिवार दिनांक– 12 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

भाजपा प्रदेश मुख्यालय, पटना में एनडीए के घटक दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव और चौबीस अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मधुबनी दौरे को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हो रही है। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत सभी घटक दलों के प्रमुख नेता उपस्थित हैं। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एनडीए की बैठक में भाग लेने के लिए पटना पहुंच गए हैं। वे सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।

————————————————————

पटना पुलिस ने कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार समेत पार्टी के इकतालीस कार्यकर्ताओं के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। इन सभी पर बिना अनुमति लिए पटना में जुलूस निकालने और प्रदर्शन करने का आरोप है।

————————————————————

बिहार दूसरी बार महिला विश्व कप कबड्डी प्रतियोगिता– दो हजार पच्चीस की मेजबानी करेगा। इस संबंध में आज पटना में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। प्रतियोगिता का आयोजन एक जून से दस जून के बीच राजगीर खेल अकादमी में होगा। इस प्रतियोगिता में भारत, चीन, नेपाल, पाकिस्तान, थाइलैंड और दक्षिण अफ्रीका सहित चौदह देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। वर्ष दो हजार बारह में पहली बार बिहार ने महिला विश्व कप कबड्डी प्रतियोगिता की मेजबानी की थी।

————————————————————

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया–एनपीसीआई ने कहा है कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस–यूपीआई लेनदेन में कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण आंशिक रूप से कमी आ रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में एनपीसीआई ने कहा कि वे सुचारू डिजिटल लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए समस्याओं को हल करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

———————————————————

आकाशवाणी पटना से दोपहर तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित होने वाले हिन्दी समाचार बुलेटिन और तीन बजकर पंद्रह मिनट पर प्रसारित होने वाले उर्दू समाचार बुलेटिन के प्रसारण समय में बदलाव किया जा रहा है। तेरह अप्रैल यानि कल से हिन्दी समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किये जायेंगे। वहीं, उर्दू समाचार बुलेटिन का प्रसारण दोपहर दो बजकर पांच मिनट से होगा।

———————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों–सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार जिले में अनेक स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। वहीं, राज्य के अन्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। विभाग ने किशनगंज, अररिया और पूर्णिया जिले में कुछ स्थानों पर चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और वज्रपात की आशंका जताई है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में भी कुछ स्थानों पर तेज हवा चलने और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————

रेलवे में असिसटेंट लोको पायलट के नौ हजार नौ सौ सत्तर पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। आवेदन की अंतिम तिथि ग्यारह मई निर्धारित की गयी है। रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाईट पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध है।

———————————————————

राजेन्द्र सेतु पर मरम्मत कार्य के कारण सेतु का सड़क मार्ग आज रात दस बजे से सुबह छह बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान एम्बुलेंस और आपातकालीन वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।

—————————————————————————————

अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के बेलसार गांव के पास एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से दो सगे भाईयों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयीं।

—————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।